प्रैस विज्ञप्ति

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 30–08–2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय मत, मतदाता व मतदान था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान का महत्व स्मझाने व अपना मतदान करने के लिए प्रेरित करना था और अगर किसी का वोट नहीं बना है तो वह अपना मत बनवाये अपने वोट् का मूल्य समझें। इस प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका रसायन शास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम आनन्द, प्रवक्ता डॉ. मीनू अग्रवाल व अंग्रेज़ी विभाग की प्रवक्ता डॉ. सारिका कांजलिया ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर काजल रानी, बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर ईशा, बी.ए. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर रवीना, बी.ए तृतीय वर्ष रहीं।